दैनिक जागरण
www.jagran.com
लिवरपूल व पोर्टो जीते, रीयल मैड्रिड हारा 8
बेहतरीन नीति बनाने में सक्षम हैं नीरा टंडन: बाइडन 10





# दिल्ली पब्लिक स्कूल के रमेश गोयनका को सम्मान




डीपीएस आसनसोल के प्रो. वाइस चेयरमैन रमेश गोयनका काले कोट में को कोरोना योद्धा का प्रमाणपत्र देते महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी • जागरण

जागरण संवाददाता, आसनसोल : वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान गरीब तथा बेसहारा लोगों की सेवा के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने 29 नवंबर को मुंबई के थाणे में आयोजित एक समारोह में दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रो. वाइस चेयरमैन सह समाजसेवी रमेश प्रसाद गोयनका को कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किया।

महाराष्ट्र सरकार ने रमेश गोयनका द्वारा कोरोना संकट काल में की गई समाजसेवा की सराहना की। रमेश प्रसाद गोयनका ने कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान बेरोजगार हुए प्रवासी मजदूरों, कामगारों तथा असहाय लोगों के भोजन तथा अन्य आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की व्यवस्था कर देश, समाज एवं मानवता के प्रति अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर एक मिसाल पेश की है। गोयनका ने तीन महीनों से भी अधिक अवधि तक 1500 से अधिक जरूरतमंद लोगों के लिए तीनों समय के शुद्ध व पोषक भोजन की व्यवस्था कर इस मुश्किल घड़ी में मदद का बीड़ा उठाया। इसके अलावा गरीब मजदूरों की बस्तियों में घर-घर जाकर और जरूरतमंद लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तथा भोजन के पैकेट्स भी वितरित किए। यह पहली बार नहीं है जब रमेश गोयनका ने संकट के समय आगे बढ़कर जरूरतमंद लोगों की सहायता कर समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा ने रमेश गोयनका को प्रशस्ति-पत्र मिलने पर बधाई दी है तथा कहा कि यह समस्त विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों को इस अनुकरणीय कृत्य से प्रेरणा लेकर अपने कर्म पथ पर आगे बढ़कर राष्ट्र एवं मानव सेवा का व्रत लेना चाहिए।